हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने शिवनाथ पंचायत में उन्नत भारत अभियान के सहयोग से वोकल फॉर लोकल के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष शशि पूनम ने शिवनाथ पंचायत के स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत की और भारत सरकार और हिमाचल सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान वहां की महिलाओं द्वारा बनाए गय जूट बैग, क्रोशिया, अचार आदि जैसे विभिन्न उत्पाद दिखाए और अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्वेता शर्मा ने भी समूह के सदस्यों को आगे आने और भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।